वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 44 | सोमवार 12 जून 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# बिपरजॉय तूफान: तूफान के आने से पहले की गर्मी

### उमस के साथ 19 शहर 40 डिग्री के पार; दो दिन और तपेगा

**जयपुर. कासं**

चक्रवाती तूफान बिपरजॉय ने रविवार को और भयंकर रूप ले लिया। इसके 15 जून की दोपहर तक गुजरात के मांडवी, सौराष्ट्र और कच्छ के समुद्र तट और पाकिस्तान के कराची के निकटवर्ती तटों से टकराने की आशंका है। इस दौरान 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इसका असर राजस्थान में भी देखने को मिलेगा। इसके प्रभाव से 14-15 जून को दक्षिण-पश्चिमी भागों में बारिश होने की संभावना है। इस दौरान इसका सबसे अधिक असर जोधपुर और उदयपुर संभाग के कुछ जिलों में हो सकता है। इसके बाद 16-17 जून को राज्य के कई इलाकों में आंधी-बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, इस तूफान से पहले राजस्थान में गर्मी बढ़ गई है। रविवार को जयपुर समेत 19 शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार चला गया। सबसे अधिक 43.6 डिग्री सेल्सियस तापमान कोटा में दर्ज हुआ। जयपुर में दिन का तापमान 40.1 डिग्री रहा। कई शहरों में न्यूनतम पारा भी 30 डिग्री से अधिक रहा।



### इंडिगो का विमान पाक पहुंचा

अमृतसर से अहमदाबाद जाने वाला इंडिगो एयरलाइंस का विमान खराब मौसम के कारण पाक में भटक गया था। शनिवार रात 8 बजे विमान गुजरांवाला पहुंच गया था। पाकिस्तान एटीसी से संपर्क के बाद विमान अहमदाबाद सुरक्षित उतर गया।

### प्रदेश में 14 व 15 से ही शुरू हो जाएगा बारिश का दौर

जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक, राधेश्याम शर्मा के अनुसार, अगले एक-दो दिन तक आंधी बारिश की अधिक संभावना नहीं है। इसके बाद चक्रवात के असर से 14-15 जून को दक्षिणी राजस्थान के इलाकों में बारिश होने व तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसके बाद 16-17 जून को बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी हो सकती है।

# एक मंच पर जुटे राज्य के 50 स्टार्टअप

### विविध पहलुओं पर चर्चा हुई, युवा उद्यमियों को मिले सफल होने के टिप्स

**जयपुर. कासं**

स्टार्टअप चौपाल की ओर से एक होटल में 'स्टार्टअप मीट' का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान के करीब 50 स्टार्टअप के फाउंडर्स एक मंच पर जुटे। इनमें फ्रेशवूफ, कलांकित, न्यू एंगल और सास देखो कुछ प्रमुख नाम थे। इसके तहत स्टार्टअप्स से संबंधित विविध पहलुओं पर चर्चा की गई और युवा उद्यमियों को नेटवर्किंग का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विशेषज्ञों की ओर से किसी भी आइडिया को एक सफल स्टार्टअप में बदलने के टिप्स दिए गए और शुरूआती इन्वेस्ट करने से लेकर फंडिंग प्राप्त करने के बारे में बताया गया। स्टार्टअप चौपाल के संस्थापक सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि स्टार्टअप्स को एक प्लेटफॉर्म के जरिए आपस में जोड़ने और उन्हें सपोर्ट करने के उद्देश से देश के विभिन्न शहरों में इस प्रकार की स्टार्टअप मीट आयोजित की जा रही हैं।

# नई कार्यकारिणी का ऐलान: नड्डा की टीम में प्रदेश के चेहरों को मिलेगी तवज्जो, ड्रॉप मंत्रियों को संगठन में देंगे काम

**जयपुर. कासं**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की नई कार्यकारिणी का ऐलान जल्द होगा। प्रदेश में चुनावी साल को देखते हुए माना जा रहा है कि नड्डा के पहले कार्यकाल की तुलना में अधिक चेहरों को केंद्रीय संगठन में काम करने का मौका मिलेगा। फिलहाल प्रदेश से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे हैं। राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता कर्नल राज्यवर्धन सिंह हैं, जबकि राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल भी राजस्थान से ही हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि मोदी मंत्रिमंडल में जो बदलाव होंगे, उसे ध्यान में रखते हुए केंद्रीय संगठन की नई कार्यकारिणी और विधानसभा और लोकसभा चुनावों को देखते हुए फैसला लिया जाएगा। ऐसा इसलिए भी क्योंकि प्रदेश की 25 में से 24 सीटों पर भाजपा के सांसद हैं। बताया जा रहा



है कि जो केंद्रीय मंत्री ड्रॉप होंगे या जिन्हें ड्रॉप करने की योजना है, उनमें कुछ चेहरों को संगठन में कामकाज की जिम्मेदारी से नवाजा जाएगा।

### पहले क्या- मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार या नड्डा की टीम की घोषणा?

पार्टी सूत्रों का कहना है कि मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार और बदलाव देखने को मिलेगा। इसके साथ ही नड्डा की टीम की घोषणा होगी। हालांकि ये आगे-पीछे भी हो सकते हैं। कुल मिलाकर ये दोनों एक दूसरे से कनेक्ट हैं। ये भी कयास लगाए जा रहे हैं कि जिन बड़े या उपयोगी चेहरों को मंत्री नहीं बनाया जाएगा, वे भी संगठन में एडजस्ट होंगे। जातिगत आधार की मजबूती के साथ ये सब देखने को मिलेगा। मंत्रीमंडल में सांसदों में डॉ. किरोड़ीलाल मीणा, कनकमल कटारा सहित आदिवासी सांसदों के चेहरे हैं। राजस्थान से एक भी महिला सांसद मंत्री नहीं है। ऐसे में दीयाकुमारी, रंजीता कोली के नाम चर्चा में हैं।

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप आदिनाथ द्वारा एक दिवसीय यात्रा का आयोजन






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप आदिनाथ द्वारा एक दिवसीय यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में श्री चमत्कार जी सवाई माधोपुर के लिए ए सी बस द्वारा 24 सदस्यों को लेकर सुबह 6:30 श्री दिगंबर जैन मन्दिर चंद्रप्रभ, दुर्गापुरा दर्शन करते हुए जयपुर से रवाना हुए। चाकसू नसियाँ में आदिश्वरधाम के दर्शन कर मुख्य मन्दिर जी में अभिषेक व शान्ति धारा देखी तत्पश्चात नाश्ता कर टोंक के लिए प्रस्थान हुये। टोंक में रोडवेज डिपो के पास नसियाँ में भू-गर्भ से निकली सभी मूर्तियों के दर्शन किये तथा मुख्य मन्दिर जी में स्वर्ण का कार्य भी देखा। तत्पश्चात उनियारा सूंथडा ग्राम में ''सुखोदय तीर्थ अतिशय क्षेत्र'' जहाँ पर भगवान-मुनिसुव्रत नाथ जी की प्रतिमा तथा तीन पिलर प्रतिमा सहित जमीन से निकले थे, के दर्शन तथा आरती भी की तत्पश्चात श्री चमत्कार जी सवाई माधोपुर के लिए रवाना हुए। वहां पर मूल नायक भगवान- पद्म प्रभ जी की मूर्ति के दर्शन किये। बाद में चमत्कार जी के भगवान- आदिनाथ जी की स्फटिक की प्रतिमा व अन्य प्रतिमाओं के दर्शन कर बाहर चारों ओर बनी तीन चौबीसी के दर्शन किए। सोशल ग्रुप आदिनाथ के अध्यक्ष कैलाश जी बिन्दायका ने मन्दिर समिति के अध्यक्ष महावीर बज व अन्य पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम के संयोजक निर्मल कासलीवाल तथा राजेन्द्र पांड्या थे। इस अवसर पर ग्रूप के सदस्यों के साथ, सचिव विमल कोठारी, कोषाध्यक्ष रोशन लाल जैन की भी उपस्थिति मुख्य रही। सांय काल 5.30 बजे श्री चमत्कार जी सवाई माधोपुर से प्रस्थान होकर रात्रि में 9.15 बजे जयपुर पहुंचे। सभी का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

# जय-जवान कॉलोनी स्थित पार्श्वनाथ जैन मंदिर में धार्मिक शिक्षण शिविर आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जय जवान कॉलोनी स्थित श्री दिगंबर पार्श्वनाथ जैन मंदिर जी में धार्मिक पाठशाला छोटे बच्चो एवं महिलाओं की सुलेखा शाह एवं उनकी बहू पारुल शाह द्वारा संचालित की गई जिसमे 45 से 50 लोगो ने इसका लाभ लिया। सहजता पर जोर देते हुए सभी को अपने जीवन में सहजता लाने पर विचार किया। सभी लोगो को आदर एवं सम्मान देने का विशेष पाठ पढ़ाया गया जिससे बच्चो में अच्छे संस्कार आए। शिविर के दौरान बहुत से धार्मिक भाई बहनों ने बच्चो को गिफ्ट बाटी। आगे भी इस तरह का आयोजन करते रहने के लिए लोगो ने आग्रह किया। सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद।

चतुर्थ पुण्यतिथि 12.06.2023 पर

हार्दिक श्रद्धांजलि



हमारी प्रेरणास्त्रोत, धर्म परायण,
धर्मनिष्ठ, सरल स्वभावी, व्यवहार कुशल,
परम श्रद्धेय स्वर्गीय

श्रीमती सुशीला देवी पाटनी

(जन्म 15.08.1936 स्वर्गवास 12.06.2019)
धर्मपत्नी महेंद्र कुमार जैन पाटनी, जयपुर
(मानद मंत्री अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी)

'मीठी मधुर स्मृतियां आपकी कभी नहीं मिट पायेंगी।
आपका वात्सल्य आपकी बातें सदैव याद आयेंगी।।'

'श्रद्धावनत'

श्री महेंद्र कुमार जैन (पति), नरेन्द्र कुमार-श्रीमती सरोज, जिनेन्द्र कुमार-डॉ. विजय लक्ष्मी, सुभाषचन्द्र-श्रीमती शीला, अशोक कुमार-श्रीमती अर्चना, अभिषेक-श्रीमती अर्चना पाटनी (पुत्र-पुत्रवधु), अनुराग-श्रीमती विधि, अनुपम-श्रीमती प्रियंका, विनायक-श्रीमती प्राची, अक्षत, ऐश्वर्य-श्रीमती मिनाली, सिद्धाथ-श्रीमती मीनल, स्वस्ति, ओजस, धरा पाटनी (पौत्र-पौत्रवधु, पौत्री), कु. रिद्धी, आदीश, आर्यन पाटनी (पड़पौत्री व पड़पौत्र), श्रीमती सन्तोष सोनी, श्रीमती प्रसन्न-शान्तिकुमार साह (ननद-ननदोई), श्रीमती रीता-प्रमोद कुमार जी रांवका, श्रीमती रीना-मनीष जी (पुत्री- पुत्री दामाद), श्रीमती श्वेता-परिवेश जी बाकलीवाल (पौत्री- पौत्री दामाद), प्रमोद सोनी-श्रीमती मनीषा, विशाल शाह-श्रीमती रूची (भांजा व भांजाबह), कु. ऋचा रांवका-उज्जवल, जलज रांवका (दोहिती व दोहिता), परिणय बाकलीवाल, तन्मय बाकलीवाल (पड़ दोहिते) एवं समस्त पाटनी परिवार।

आवासः- डी-127, पाटनी भवन, सावित्री पथ, बापूनगर, जयपुर (राज.) मो 9829499222

# जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ ने आश्रय केयर होम के बच्चों को मूवी दिखाई




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ जयपुर द्वारा आश्रय केयर होम के बच्चों को दिनांक 11 जून रविवार को सनी पैराडाइज न्यू आतिश मार्केट में **''जरा हटके जरा बच के''** मूवी शो दिखाई। मुख्य समन्वयक एवं उपाध्यक्ष सुनील सोगानी ने बताया कि आश्रय केयर होम के करीब 35 बच्चों को फिल्म दिखाई एवं अल्पाहार भी कराया। मूवी शो में ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष मनीष झंझरी, पूर्व अध्यक्ष अभय गंगवाल, संगठन मंत्री सुकेश काला, अजय जैन ,प्रमोद पाटनी विशूतोष चांदवड, विजय जैन एवं ग्रुप के करीब 40 सदस्य उपस्थित थे। आयोजन में रानू जैन का विशेष रुप से सहयोग रहा।

# श्री सहस्त्र चण्डी नावकुण्डिय महायज्ञ 11 धूनी तपस्या का समापन



**चंद्रेश जैन. शाबाश इंडिया**

**श्रीमहावीरजी।** समीप के गांव कैमला की धूनी पर चल रहे श्री सहस्त्र नावकुण्डिय महायज्ञ में 11धूनी अग्नि तपस्या का समापन हुआ ।आयोजन समिति के बबली चतुवेर्दी ने बताया सिद्ध पीठ नागेश्वर बाबा की धूनी कैमला में 4 जून से चल रहे श्री सहस्त्र महायज्ञ में अग्नि तपस्या कर आचार्य प्रमोद गिरी महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाले 9 कुंडीय महायज्ञ में अंतिम दिन अग्नि तपस्या का विधिवत समापन हुआ। आचार्य प्रमोद गिरी महाराज ने बताया कि 41 दिन की है तपस्या। तपस्या का मूल उद्देश्य क्या है की सनातन धर्म चले संस्कृति के अंदर आध्यात्मिकता के लिए जो संतों में उर्जा चाहिए यह ऊर्जा तपस्या से आती है हमारी अखाड़े इसलिए बनाए गए थे कि सारे संत ऊर्जा प्रबंध रहे। ऊर्जा पैदा करके इस देश को राष्ट्र को सनातन धर्म चलाने का एक अच्छा सा कार्यक्रम करें क्योंकि महाराज जी ने स्वयं निर्णय लिया देश राष्ट्र सनातन संस्कृति और सभ्यता अदिति तपस्या करें। अध्यात्मिक में खाली तपस्या से काम नहीं चलता जब तक यज्ञ ना करें और यज्ञ में आहुति ना हो तो तपस्या और यज्ञ के द्वारा जो ऋचाए पैदा होती हैं ऋचा को पैदा करने का कार्य अभी हो रहा है।इसके लिए आज शाम को संत सम्मेलन होगा जिसमें देश के कोने-कोने से आए संत आज शाम को मंगल प्रवचन। इस मोके पर गंगापुर विधायक रामकेश मीना सहित जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में शिरकत की ।कार्यक्रम में सोमवार को पूणार्हुति व विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

# भगवान श्री विमलनाथ स्वामी का मनाया निर्वाण कल्याणक



## थूवोनजी कमेटी ने की रामटेक तीर्थ की वंदना

## जगत कल्याण की कामना के लिए हुई शान्ति धारा

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

जैन दर्शन के तेरहवें तीर्थंकर भगवान श्री विमलनाथ स्वामी का निर्वाण कल्याणक सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ क्षेत्र रामटेक में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री शस्वत सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में मनाया गया जहां जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्तिधारा जैन युवा वर्ग के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भोला दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल, महामंत्री विपिन सिंघाई, कोषाध्यक्ष सौरव वाझल, आडिटर राजीव चन्देरी, मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा, डॉ दीपक जैन सहित अन्य भक्तों ने की। इसके पहले भगवान के कलशाभिषेक किए गए ।इस दौरान तीर्थ क्षेत्र कमेटी ने रामटेक तीर्थ की वंदना कर तीर्थ क्षेत्र का अवलोकन किया। मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू, महामंत्री विपिन सिंघाई सहित सभी ने रामटेक तीर्थ स्थल की व्यवस्थाओ के साथ ही आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से संचालित श्री ज्ञानोदय विद्या पीठ प्रतिभा स्थली को देखा।

## वेद ज्ञान

### परिष्कृत अध्यात्म

परिष्कृत अध्यात्म आज के युग की महती आवश्यकता है। लगभग सभी चिंतक, विचारक, वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक इसकी आवश्यकता का अनुभव करने लगे हैं, परंतु वर्तमान में अध्यात्म का जो स्वरूप है, क्या यह उस आवश्यकता की पूर्ति कर सकता है? आज अध्यात्म सुंदर शब्दों पर टिक गया है। जो जितना अध्यात्म के गूढ़तत्वों को अलंकृत शैली में बोल सके वह उतना ही बड़ा आध्यात्मिक व्यक्ति माना जा रहा है। फिर इसके एक भी तत्व को भले ही अनुभव न किया गया हो। वस्तुतः अध्यात्म ऐसा है नहीं। इसे ऐसा कर दिया गया है। अध्यात्म एक वैज्ञानिक प्रयोग है जो पदार्थ के स्थान पर जीवन के नियमों को जानना, समझना, प्रयोग करना और अंत में जीवन जीने का तरीका सिखाता है। अध्यात्म जीवन-दृष्टि और जीवन-शैली का समन्वय है। यह जीवन को समग्र ढंग से न केवल देखता है, बल्कि इसे अपनाता भी है। आज कई लोग ऐसे हैं जो अध्यात्म से नितांत अनभिज्ञ हैं, लेकिन वही अध्यात्म की भाषा बोल रहे हैं। आज अध्यात्म के तत्वों की संस्थानों और कार्यशालाओं में चर्चा की जाती है। यह कटु सत्य है कि आध्यात्मिक भाषा बोलने वाले कुछ लोगों का जीवन अध्यात्म से नितांत अपरिचित, परंतु भौतिक साधनों और भोग-विलासों में आकंठ डूबा हुआ मिलता है। आज के तथाकथित कई अध्यात्मवेत्ता भय, आशंका, संदेह, भ्रम और अविश्वास से ग्रस्त है, जबकि अध्यात्म के प्रथम सोपान को इनका समूल विनाश करके ही पार किया जाता है। वस्तुतः अध्यात्म अति वैज्ञानिक तथ्य है। चेतना की चिरंतन और नूतन खोज ही इसका प्रमुख कार्य रहा है, परंतु चेतना के विभिन्न आयामों को खोजने के बदले इससे जुड़े कुछ तथाकथित लोगों ने इसे और भी मलिन और संकुचित किया है। उन्होंने इसे प्रयोगों-परीक्षणों से गुजारने से इन्कार कर दिया है। अध्यात्म को वर्तमान स्थिति से उबारने के लिए आवश्यक है कि इसे प्रयोगधर्मी बनाया जाए। अध्यात्म के मूल सिद्धांतों को प्रयोग की कसौटी पर कसा जाए। आध्यात्मिकता के बहिरंग और अंतरंग दो तत्व जीवन में परिलक्षित होने चाहिए। संयम और साधना ये दो अंतरंग तत्व हैं और स्वाध्याय व सेवा बहिरंग हैं।

## संपादकीय

# आपसी जीवन में टूटता भरोसा बेहद घातक है...

मुंबई से सटे भायंदर इलाके में एक महिला की हत्या और उसकी जैसी प्रकृति सामने आई है, उसने एक बार फिर सबको यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि कोई व्यक्ति कैसे इस हद तक जा सकता है कि अपनी ही साथी के खिलाफ इतना बर्बर हो जाए। कई बार ऐसी घटनाओं पर हैरानी होती है कि कोई व्यक्ति अपने स्वार्थ में किस हद तक क्रूर हो जा सकता है। जिस महिला की हत्या की खबर आई, वह एक पुरुष के साथ सहजीवन में रह रही थी। जाहिर है, एक महिला किसी पुरुष के साथ संबंधों के इस स्वरूप में साथ रहने का फैसला तभी करती है जब उसे उस पर पूरा भरोसा हो। लेकिन इस मामले में भी यही हुआ कि महज कुछ महीने साथ रहने के बाद पुरुष ने अपनी सहजीवन साथी की हत्या कर दी। मामला केवल हत्या का नहीं है, बल्कि इसकी प्रकृति की भी है। खबरों के मुताबिक आरोपी ने महिला की लाश के घर में ही कई टुकड़े करके, कुकर में उबाल कर उसे कुत्तों को खिला दिया था। जब पुलिस पहुंची तो शव के कुछ ही हिस्से बचे थे। यों हत्या आखिर एक जघन्य अपराध ही है, लेकिन मुंबई की जो घटना सामने आई है, ऐसे मामलों पर कई बार एकबारगी विश्वास करने में वक्त लग जाता है। आखिर एक सामान्य दिखने वाला इंसान कैसे ऐसा हो जाता है कि अपनी ही साथी को मार डालने के बाद खुद बचने के लिए क्रूरता की सारी सीमाएं पार कर जाता है। हालांकि सब कुछ लगभग साफ होने के बावजूद आरोपी ने अपने बचाव में पुलिस के सामने दलील पेश की, लेकिन उन पर फिलहाल विश्वास करना मुश्किल है। पिछले कुछ समय से ऐसी घटनाएं अक्सर देखी जा रही हैं, जिनमें सहजीवन में रहने वाले किसी पुरुष ने अपनी महिला साथी की न केवल जान ले ली, बल्कि खुद को बचाने के मकसद से उसके शव को ठिकाने लगाने के लिए संवेदनहीनता की सारी सीमाएं पार कर दीं। कुछ समय पहले दिल्ली में भी एक ऐसा ही वाकया सुर्खियों में आया था, जिसमें एक युवक ने अपनी सहजीवन साथी की हत्या करके उसके शव के पैंतीस टुकड़े करके उसे ठिकाने लगाने की कोशिश की थी। हत्या की आम घटनाओं के बरक्स ऐसी घटनाओं की प्रकृति पर गौर करने पर यही लगता है कि ऐसे अपराध को अंजाम देने वाला व्यक्ति अपने साथ रही महिला के प्रति न सिर्फ पूरी तरह संवेदनहीन होता है, बल्कि स्वकेंद्रित और अपनी सुविधा की जिंदगी जीते हुए वह कई तरह की हिंसक कुंठाओं से घिर जाता है, जो उसे लगातार विकृत बनाती रहती है। ऐसा शख्स खुद पर भरोसा करने वाली स्त्री के खिलाफ भी बेहद बर्बर हो जा सकता है। सहजीवन अभी हमारे देश में एक आम चलन नहीं हुआ है। खासतौर पर स्त्रियां अगर किसी पुरुष के साथ इस तरह रहना तय करती है तो कई बार वह अपने अस्तित्व को लेकर सजग रहती हैं और अपनी सुरक्षा सहित हर मामले में उस पर पूरा भरोसा करती है। लेकिन यह जीवनशैली चुनने वालों में चूंकि पुरुष अपने पितृसत्तात्मक कुंठाओं से लैस मूल्यों के साथ ही जीता है, इसलिए वह अपनी सुविधा की राह में अपनी सहजीवन साथी को भी नहीं आड़े आने देता।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# भरोसे की कमी...

एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने पार्टी के 25वें स्थापना दिवस पर बड़ा ऐलान करते हुए 2 कार्यकारी अध्यक्ष घोषित कर दिए। दोनों सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया गया है। लेकिन अजित पवार को कोई नई जिम्मेदारी नहीं दी गई, उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति में ही सक्रिय रहने का संदेश दे दिया गया। अब शरद पवार की जैसी सियासत रही है, उनका कोई भी फैसला सिर्फ सिर्फ फैसला नहीं होता है, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति होती है। अब इस एक फैसले की भी अपनी एक कहानी है। अजित की झोली खाली रहना कोई आकस्मिक नहीं है, बल्कि 2019 के ट्रेलर ने इस बात के संकेत दे दिए थे। असल में 2019 के चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी, लेकिन बहुमत से दूर रह गई। शिवसेना के साथ जाना पक्का लग रहा था, लेकिन सीएम कुर्सी ने समीकरण बदल दिए और उद्धव एनसीपी-कांग्रेस के साथ चल दिए। उस समय एक दूसरी पटकथा ये चल रही थी कि अजित पवार ने बीजेपी से संपर्क साधा, दावा किया कि उनके साथ कई एनसीपी के विधायक हैं और इसी दम पर देवेंद्र फडणवीस ने सीएम पद की शपथ ली। डिप्टी सीएम का पद अजित के पास गया, लेकिन 72 घंटों में सब बदल गया। शरद पवार असली बॉस साबित हुए, कांग्रेस-शिवसेना के साथ मिलकर स्पष्ट बहुमत साबित किया और उद्धव की ताजपोशी हो गई। ये किस्सा पुराना जरूर है, लेकिन शरद पवार के मन में अजित को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा करने वाला है। शरद पवार ने कभी उम्मीद नहीं की थी कि उनके फैसले के खिलाफ जाकर अजित ऐसे बीजेपी से हाथ मिला लेंगे। उनकी घर वापसी जरूर हो गई,लेकिन अविश्वास की एक खाई पैदा हो चुकी थी। इस घटना के अब पांच साल बाद फिर ऐसा माहौल बना था जब कहा गया कि अजित फिर बीजेपी से हाथ मिला सकते हैं। दावा तो ये भी हो गया था कि 25 से ज्यादा विधायकों का समर्थन अजित के साथ है। ये दावे अगर सच साबित होते तो उद्धव के बाद शरद पवार के साथ महाराष्ट्र में बड़ा सियासी खेला हो जाता। खैर ये सिर्फ अटकलें ही रहीं और शरद पवार ने सही समय पर एक बड़ा सियासी फैसला लिया। उनकी तरफ से ऐलान किया गया कि वे एनसीपी के अध्यक्ष पद को छोड़ रहे हैं। कार्यकर्ता हैरान रह गए, पार्टी के अंदर खलबली मच गई। लेकिन तब तक शरद अपने फैसले पर कायम रहे। उनके फैसले का हर तरफ विरोध हो रहा था, कार्यकर्ता तो स्वीकार करने को तैयार ही नहीं थे, लेकिन अजित पवार का अलग ही बयान सामने आया। उन्होंने कह दिया कि कि शरद पवार के फैसले का सम्मान होना चाहिए और नए नेतृत्व को मौका मिले। उनका ये बयान राजनीतिक गलियारों में अलग ही संदेश लेकर गया। माना गया कि अजित एनसीपी के अगले अध्यक्ष बन जाएंगे। लेकिन ऐसा संदेश सिर्फ अजित के खेमे की तरफ से जा रहा था, ज्यादा विश्वनीय अटकलें ये थीं कि सुप्रिया सुले अगली अध्यक्ष बन सकती हैं, उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में बड़ा पद देने की तैयारी है। अब उस समय कार्यकर्ताओं की नाराजगी को देखते हुए शरद पवार ने अपना इस्तीफा तो वापस ले लिया, लेकिन माना गया कि जब मौका आएगा तो सुप्रिया सुले की ही ताजपोशी होगी और अजित महाराष्ट्र तक सीमित रह जाएंगे।

# विमलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया





**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। बापू नगर स्थित पदमप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में विमलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया। ट्रस्ट मंत्री पूनम चंद सेठी ने बताया कि प्रातः बड़े बाबा मूलनायक पद्मप्रभु भगवान सहित सभी प्रतिमाओं पर अभिषेक किया गया। चांदमल जैन एवं संजय जैन ने पदम प्रभु भगवान पर, पूनम चंद सेठी ने आदिनाथ भगवान पर, अशोक पाटोदी परिवार ने मुनीसुव्रतनाथ भगवान पर शांतिधारा की तथा अन्य प्रतिमाओं पर भी शांतिधारा की गई। निर्वाण कांड का पाठ द्वारा प्रकाश पाटनी परिवार को विमलनाथ भगवान का निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त किया। सभी जनों ने उसकी अनुमोदना की। **भक्ति भाव से विमलनाथ भगवान की पूजा:** अर्चना कर अर्घ समर्पण किए। बधाई गीत के साथ महिलाओं ने भक्ति नृत्य कर वातावरण धर्म में कर दिया। इस अवसर पर काफी संख्या में धमार्लुगण उपस्थित थे। प्रकाश पाटनी ने बताया कि सायकाल 48 दीपों से भक्तामर की महा आरती की गई।

# फागी में नौ दिवसीय सम्यक श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का पुरस्कार वितरण के साथ हुआ भव्य समापन

## सभी विजेताओं को किया पुरस्कृत

**फागी. शाबाश इंडिया**




पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में चल रहे नो दिवसीय सम्यक शिक्षण शिविर का आज विजेता बच्चों एवं महिलाओं को पुरस्कार वितरण के साथ शिविर का समापन हुआ जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने बताया कि आज धर्म रक्षक पाठशाला के बच्चों द्वारा प्रातः श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा और सामूहिक रूप से अष्टद्रव्यों से पूजन के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में जैन युवा परिषद फागी की अगुवाई में शास्त्री सत्येंद्र भैया एवं सम्यक भैया का सकल जैन समाज द्वारा भव्य स्वागत सम्मान किया गया।इसी कार्यक्रम में धर्म रक्षक पाठशाला के अध्यक्ष अशोक कागला एवं संयोजक निखिल जैन तथा व्यवस्थापक विनोद मोदी की अगुवाई में सकल जैन समाज द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया जिसमें बाल बोध भाग 1 - अरिहंत जैन को प्रथम,प्रांजल जैन द्वितीय, विकांशी जैन तृतीय। बाल बोध भाग 2 - आहना जैन प्रथम, नेहा जैन द्वितीय, नविष्का जैन तृतीय। छहढाला-अंजलि जैन प्रथम,मानसी जैन द्वितीय, अविका जैन तृतीय। भक्तामर स्तोत्र-श्रीमती टीना जैन व मानसी जैन प्रथम, अविका जैन द्वितीय, अधर्वी जैन तृतीय। तत्वार्थ सूत्र- श्रीमती सुनीता मोदी प्रथम, श्रीमती रानी जैन द्वितीय,श्रीमती टीना जैन तृतीय। रत्नकरण्डश्रावकाचार -श्रीमती रानी जैन प्रथम, श्रीमती सुनीता मोदी द्वितीय,श्रीमती संगीता जैन को तृतीय पुरस्कार का प्रमाण पत्र देकर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सम्मानित किया गया। गोधा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में समाजसेवी सोहनलाल झंडा, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा, फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा,पं.संतोष बजाज,पं.केलास कडीला, शिखर मोदी,सोभाग सिंघल, महेंद्र गोधा, पारस नला,महेंद्र बावड़ी, महावीर मोदी,सुरेश डेठानी, धर्मचंद पीपलू, सुरेंद्र पंसारी, विनोद कलवाडा,, अनिल कठमाना, अशोक कागला,नीरज झंडा, पारस मोदी,मितेश लदाना, कैलास कासलीवाल, कमलेश चोधरी, कमलेश सिंघल, राजकुमार मांदी, मुकेश गिंदोडी, विनोद मोदी, त्रिलोक पीपलू तथा राजाबाबु गोधा सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे। **राजाबाबु गोधा जैन महासभा मीडिया प्रवक्ता राजस्थान**






### दिगंबर जैन सोशल ग्रुप गंगापुर का जल सेवा अभियान

# श्वेतांबर जैन समाज के पदाधिकारियों ने की रेल यात्रियों की जल सेवा

**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा संचालित रेल यात्रियों के लिए संध्याकालीन निशुल्क जल सेवा में शनिवार को श्री श्वेतांबर जैन समाज के अध्यक्ष रितेश पल्लीवाल, श्री श्वेतांबर जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अरविन्द जैन, महामंत्री हेमंत जैन ने अतिथि के तौर पर शिरकत की एवं अपने हाथों से यात्रियों को जल पिलाकर पुण्य अर्जन किया। इस अवसर पर उपस्थित जल सेवकों एवं आमजन को संबोधित करते हुए रितेश पल्लीवाल ने कहा कि आज के समय में जब किसी के पास में समाज सेवा के लिए फुर्सत नहीं वह हमारे समाज की युवा तरुणाई रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन आकर यात्रियों के लिए जल सेवा करने में लगी हुई है हमें ऐसे कार्यकताओं पर गर्व है। आज इस जलसेवा के कारण ही गंगापुर सिटी का नाम चारों तरफ हो रहा है। इस अवसर पर नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अरविंद जैन और महामंत्री एवं हेमन्त जैन ने ने कहा कि गंगापुर सिटी के प्लेटफार्म पर सभी यात्रियों का स्वागत बहुत ही मनुहार के साथ हैं शीतल जल के साथ किया जा रहा है। महिलाएं बच्चे और युवा सब एकजुट होकर इस सेवा में लगे हैं यह ऐसा कार्य है जिसका प्रतिफल भी यात्रियों की दुआओं के रूप में तुरंत मिल जाता है और मन को असीम शांति होती है। उन्होंने इस जल सेवा में श्वेतांबर जैन समाज की ओर से भरपूर सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर जलसेवा के संयोजक नरेंद्र जैन नृपत्या ने बताया कि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के निर्मल जैन सिंहवी ने गंगापुर ग्रुप को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी है और इस सेवा को सतत रूप से चलाए रखने का आह्वान किया है। आज जलसेवा में विशेष रुप से ग्रुप वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र गंगवाल, पारस जैन सोगानी, प्रवीण कठूमर, नरेंद्र नृपत्या, अभिनंदन जैन, विकास पांड्या, धर्मेंद्र पांड्या, सुमेर सोनी, राजेश मंगल, विनोद खंडेलवाल, पूजा खंडेलवाल, विजेंद्र आर्य, रेणु आर्य, मुकेश गुप्ता, एमबीएम राजेश गंगवाल, अंजना गंगवाल, सुनीता जैन कठूमर, उर्वशी जैन, मयंक गर्व जैन, सुमेर जैन सोनी, प्रवीण गंगवाल, निशा जैन सहित दर्जनों जलसेवको ने जल सेवा में भरपूर सहयोग किया। इस अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के पदाधिकारियों द्वार सेवा में पधारे अतिथियों का माला पहनाकर एवं तिलक लगाकर अभिनंदन किया।








## तीये की बैठक

# श्रीमती गुलाब देवी छाबड़ा

धर्मपत्नी श्रीमान मदन लाल जी छाबड़ा दीमापुर निवासी का स्वर्गवास आज दिनांक 11-06-2023 को जयपुर में हो गया, जिसके पीहर पक्ष की तीये की बैठक 13.06.2023 को प्रात: 8:20 बजे पर भट्टारक जी की नसिया में गेट पर एकत्रित होकर बैठक पर शामिल होंगे।

शोकाकुल परिवार पीहर पक्ष : सुनील आरती पहाड़िया, विशाल निशा पहाड़िया, अरिहंत गुनीमा पहाड़िया एवं समस्त पहाड़िया परिवार



।। श्री आदिनाथाय नमः।।
श्री दिगम्बर जैन मंदिर हमीरपुर
तह. टोडारायसिंह, जिला-टोंक (राज.)
प.पू. राष्ट्रसंत, गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महामुनिराज की सुविज्ञ शिष्या
परम पूज्य भारत गौरव, चारित्र चन्द्रिका, तपोमूर्ति, श्रमणी, गणिनी आर्यिकारत्न 105 गुरु माँ
विज्ञाश्री माताजी ससंघ सानिध्य में
श्री मज्जिनेन्द्र मन्दिर-वेदी प्रतिष्ठा
कलशारोहण, भव्य रथयात्रा एवं विश्व शांति महायज्ञ
दिनांक 19 जून से 21 जून 2023
मूलनायक श्री 1008 आदिनाथ भगवान
मुख्य वेदी
वेदी
भारत गौरव
श्रमणी गणिनी आर्यिकारत्न 105 गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी
प्रतिष्ठाचार्य
वास्तु विद्
आर्किटेक्ट
पं. विमल कुमार जी जैन बनेठा जयपुर
श्री राजकुमार जी कोठ्यारी जयपुर
श्री पंकज जी बैंवाड़ा जयपुर
मंदिर जीर्णोद्धार प्रतिष्ठाचार्य- पं. सुरेश जी शास्त्री, निवाई
वात्सल्य आमंत्रण
देव-शास्त्र-गुरु भक्तगण,
सादर जय जिनेन्द्र !
अत्यन्त हर्षोल्लास के साथ हम आपको यह धार्मिक संदेश प्रेषित कर रहे हैं कि श्री दिगम्बर जैन मन्दिर हमीरपुर में जिन गुरु माँ श्रमणी गणिनी आर्यिकारत्न 105 गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी की प्रेरणा से भव्य जिनालय का जीर्णोद्धार होकर नव निर्माण हुआ है, वह आज अपनी उत्तुंगता से सभी को आकर्षित कर रहा है। जिनालय की अति प्राचीन प्रतिमायें हमारे मन को मोहित करने वाली हैं। ऐसे विशाल जिनालय की वेदी प्रतिष्ठा त्रि-दिवसीय महोत्सव उन्हीं गुरु माँ के ससंघ सानिध्य में एवं वाणीभूषण प्रतिष्ठाचार्य पं. श्री विमल कुमार जी बनेठा वालों के निर्देशन में होने जा रहा है। अतः हमारे महोत्सव की शोभा बढ़ाने हेतु आप सपरिवार इष्ट मित्रों सहित पधारकर पुण्यार्जन एवं धर्मलाभ अर्जन करें और हमें अतिथि सेवा का अवसर प्रदान करें।
आयोजन क्षणिकाएँ
सोमवार, 19 जून 2023
प्रातः 6.15 बजे जिनेन्द्र अर्चना, गुरु आज्ञा, संघ आमंत्रण प्रतिष्ठाचार्य निमंत्रण, जाप्यानुष्ठान, मंगल घटयात्रा के साथ भव्य जिनेन्द्र शोभायात्रा
प्रातः 8.30 बजे ध्वजारोहण, मंडप प्रतिष्ठा, मंडप उद्घाटन, चित्र अनावरण दीप प्रज्ज्वलन एवं पूज्य माताजी के मंगल प्रवचन
दोपहर 1.00 बजे सकलीकरण, इन्द्र प्रतिष्ठा, भेरीताड़न व श्री शांति विधान पूजन एवं पूज्य माताजी का प्रवचन
सायं 7.30 बजे मंगल आरती, आनन्द यात्रा, गुरु भक्ति, आरती, शास्त्र सभा भव्य सांस्कृतिक आयोजन, नाटक-नाग का हार
मंगलवार, 20 जून 2023
प्रातः 6.15 बजे जिनेन्द्र अर्चना, जाप्यानुष्ठान, मंगल कलश यात्रा, मंदिर वेदी शुद्धि संस्कार, वास्तु विधान, पूज्य माताजी के प्रवचन
मध्याह्न 1.00 बजे यागमण्डल विधान पूजन, पूज्य माताजी का प्रवचन
सायं 7.30 बजे मंगल आरती, आनन्द यात्रा, गुरु भक्ति, आरती, शास्त्र सभा व सांस्कृतिक संध्या
बुधवार, 21 जून 2023
प्रातः 6.15 बजे जिनेन्द्र अभिषेक, नित्यमह पूजन, पूज्य माताजी के आशीर्वाद प्रवचन, विश्व शांति महायज्ञ भव्य रथयात्रा के साथ वेदी में भगवान विराजमान शिखर पर कलश, ध्वजदंड आरोहण, विसर्जन
सायं 7.30 बजे मंगल आरती, आनन्द यात्रा, गुरु भक्ति, आरती
धर्मवीर जैन-संगीतकार एण्ड ग्रुप, भोपाल
कलाकार-अनिल कुमार जैन, टीकमगढ़ (म.प्र.)
आमंत्रित अतिथिगण
श्रमणी गणिनी आर्यिकारत्न 105 गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी ससंघ भव्य मंगल प्रवेश
शनिवार, 17 जून 2023
प्रातः 8.15 बजे
हमीरपुर गौरव
सौधर्म इन्द्र
कुबेर धनपति
महायज्ञनायक
ईशान इन्द्र
सनत कुमार इन्द्र
माहेन्द्र इन्द्र
ब्रह्म इन्द्र
ब्रह्मोत्तर इन्द्र
लान्तवेन्द्र
शुक्रेन्द्र इन्द्र
महाशुक्रेन्द्र इन्द्र
सहस्रार इन्द्र
कापिष्ठ इन्द्र
आणतेन्द्र इन्द्र
प्राणतेन्द्र इन्द्र
पूजन सामग्री पुण्यार्जक
मंच संचालनकर्त्री
श्रीमती मंजु जैन (सेवा वाले)
अष्ट कुमारियाँ
जागृति जैन चारु जैन अदिश्री जैन नैनल जैन हर्षिता जैन लावण्या जैन प्रियांशी जैन अक्षिता जैन
आयोजक : वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव समिति, हमीरपुर
मंदिर संरक्षक - श्री महेन्द्र कुमार जी पाटनी (मानद मंत्री-श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीर जी)
श्री संतकुमार जी कासलीवाल (अध्यक्ष-श्री दिग. जैन समाज, टोडारायसिंह)
श्री हरकचन्द जी, भागचन्द जी, दाममल जी, मानमल जी, निर्मल कुमार जी एवं समस्त बड़जात्या (कामदार) परिवार हमीरपुर
बसन्तीलाल जी छाबड़ा, टोडारायसिंह श्री संजय जी पापड़ीवाल (हमीरपुर वाले) देवली श्री सुरेश जी छाबड़ा, टोडारायसिंह
श्री नवीन जी, प्रवीण जी, अनिल जी, अमित जी अजमेरा (मदनगंज-किशनगढ़)
निर्माण संयोजक - कामदार बड़जात्या परिवार, हमीरपुर निर्माण सहायक - अजीत कुमार पाटनी, टोडारायसिंह
अध्यक्ष अशोक कासलीवाल (फागी वाले) 9351622889
स्वागताध्यक्ष संत कुमार कासलीवाल (टोडारायसिंह वाले) 9414409253
कार्याध्यक्ष हरकचन्द बड़जात्या (हमीरपुर वाले) 9829074341
उपाध्यक्ष महावीर सेठी (निमेड़ा वाले) 9425330651
मंत्री महावीर कुमार चांदवाड़ (माधोराजपुरा वाले) 8505030011
कोषाध्यक्ष आशीष चांदवाड़ (माधोराजपुरा वाले) 9829265850
समन्वयक विनोद बाकलीवाल (एडवोकेट) (चकवाड़ा वाले) 9414409253
भोजन पुण्यार्जक
निवेदक : सकल दिगम्बर जैन समाज हमीरपुर, तह. टोडारायसिंह, जिला-टोंक (राज.)
सहयोगी : समस्त ग्रामवासी हमीरपुर एवं ग्राम काचरिया (बालाजी)
वात्सल्य सत्कार : बाहर से पधारे अतिथियों के लिये आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्था है।
विज्ञादर्शन मोबाइल एप
GET IT ON Google Play
संपर्क सूत्र 97847 27100

## धुलियान में विमलनाथ भगवान का मोक्षकल्याणक मनाया

धुलियान मुर्शिदाबाद. शाबाश इंडिया



**पश्चिम बंगाल।** रविवार 11जून को आषाढ कृष्ण पक्ष (बदी) अष्टमी (वीर संवत 2549, विक्रम संवत 2080 को श्री 1008 भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर धुलियान में अभिषेक शांतिधारा पुजन के पश्चात विमलनाथ भगवान का मोक्ष निर्वाण लड्डू अति उत्साह के साथ चढ़ाया गया। **संजय कुमार जैन बड़जात्या धुलियान पश्चिम बंगाल**

# फागी में विमलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया



**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर ,पारसनाथ जैन मंदिर, चंद्रप्रभु नसिया, चंद्रपुरी तथा त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर सहित परिक्षेत्र के चकवाड़ा, चोरू, नारेड़ा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेड़ा, लदाना, के जिनालयों में आज जैन धर्म के तेरहवें तीर्थंकर विमलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव के साथ जोर शोर से मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने मीडिया को अवगत कराया कि कार्यक्रम में इससे पूर्व अभिषेक, शांतिधारा एवं अष्टद्रव्यों से पूजा हुई तथा पूजा के दौरान भगवान विमलनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव का निर्वाण का लाडू सामूहिक रूप से भक्ति भाव के चढ़ाया गया।कार्यक्रम में फागी जैन समाज के कपूर चंद मांदी, केलास कलवाडा,सोहनलाल झंडा, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा, सुरेश सांघी, हरकचंद पीपलू,सोभाग सिंघल, सुरेश मांदी ,रतन नला शिखर मोदी, कमलेश चोधरी त्रिलोक पीपलू, तथा राजाबाबु गोधा सहित सभी श्रावक जन उपस्थित थे।

# लाडनूं के बड़ा जैन मंदिर में हो रही है ग्रंथों की साज सम्हाल



**राज पाटनी. शाबाश इंडिया**

लाडनूं। बड़ा दिगंबर जैन मंदिर जहां अपनी प्राचीनता व कलात्मकता, भगवान शांतिनाथ की वैराग्यमयी शांतमुद्रा युक्त प्रतिमा, व कलात्मक अलंकार युक्त जैन सरस्वती की अनुपम प्रतिमा के लिए विख्यात है वहीं प्राचीन शास्त्रों व नवीन ग्रंथों के विशाल संग्रह के लिए भी जाना जाता है।इन दिनों जैन धर्म व दर्शन के विद्वान व लाडनूं जैन समाज के सदस्य डा. सुरेन्द्र जैन के निर्देशन में इन जिनवाणी शास्त्रों व ग्रंथों का स्वच्छता, सुरक्षा व साज सज्जा के साथ सुचिबद्ध व मुहरीकरण किया जा रहा है।इस कार्य में डा. सुरेन्द्र जैन के साथ यश पाटनी, हर्ष पाटनी, आदित्य सेठी व अनंत सेठी परिश्रम, लगन व श्रद्धा के साथ सहयोग कर रहे हैं।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# धर्म की जड़ सदा हरी होती है : उपाध्याय ऊर्जन्तसागर






## उपाध्याय श्री का सी-स्कीम में हुआ भव्य मंगल प्रवेश, राणा परिवार ने की भव्य अगवानी। विधायक लाहोटी सहित गणमान्य श्रेष्ठीजनों ने लिया आशीर्वाद

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

धर्म की जड़ सदा हरी होती है। मनुष्य को अपनी दिनचर्या के साथ सेवा कार्यों एवं धार्मिक कार्यों में भी समय देना चाहिए। ये उदगार उपाध्याय ऊर्जन्तसागर महाराज ने रविवार को सी-स्कीम के कृष्णा मार्ग स्थित राणा निवास पर आयोजित धर्म सभा में व्यक्त किए.इस मौके पर उपाध्याय श्री ने स्वर्गीय राजेन्द्र के गोधा एवं गणेश राणा द्वारा समाज हित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व उपाध्याय श्री चितरंजन मार्ग से जुलूस के साथ रवाना होकर कृष्णा मार्ग पर राणा निवास पहुंचे। जहां रेणू राणा, मोहित राणा एवं परिवारजनों ने पाद पक्षालन एवं आरती कर जयकारों के साथ भव्य अगवानी की.इस मौके पर आसपास का वातावरण भक्तिमय हो गया। तत्पश्चात संघस्थ चैत्यालय के अभिषेक, शांतिधारा का उपस्थित श्रद्धालुओं ने पुण्यार्जन किया। इस मौके पर सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी, सुरेश पाटोदिया, सुधांशु कासलीवाल, ज्ञान चंद झांझरी,हेमन्त सोगानी, शैलेन्द्र गोधा,शिखर चन्द बैराठी, तारा चंद जैन, विनोद जैन कोटखावदा, मनीष बैद, प्रदीप लुहाड़िया, जिनेन्द्र जैन जीतू, विकास बैराठी, बाबूलाल ईटूण्डा,महेश सेठी, निर्मल पाटोदी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य श्रेष्ठीजनों ने उपाध्याय श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## जयपुर गौरव मुनि श्री 108 विश्वाभ सागर की विनयांजलि सभा आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन मंदिर यति यशोदानन्दजी चौड़ा रास्ता जयपुर प्रांगण में भावलिंगी संत आचार्य श्री 108 विमर्श सागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 विश्वाभ सागर, (गृहस्थ नाम- प्रकाशचंद पहाड़िया चौड़ा रास्ता वाले) महाराज की विनयांजलि सभा आयोजित की गई। इस मौके पर मुनिभक्त श्रावकों ने मुनि श्री के समाधिमरण पर अपनी भावभीनी विनयांजलि प्रस्तुत की। ज्ञात रहे की मुनि श्री 108 विश्वाभ सागरजी का समाधिमरण दिनांक 24.5.2023 श्रुत पंचमी के पावनपर्व को ग्राम जतारा जिला टीकमगढ़ (म. प्र.) मे हो गया था। विनयांजलि सभा में गणमान्य श्रावक कमल जैन, सुदीप बगड़ा, दिलिप जैन, भाविका, बीना, सुनीला जैन, आदि श्रावकों द्वारा उनके पूर्व के संस्मरणों को याद किया गया एवं उनके प्रति अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। **विनयांजलि सभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण शामिल हुए।**





# जनकपुरी में कुण्डलपुर वाले बाबा की प्रतिकृति युक्त ध्यान केंद्र का प्रथम लोकार्पण दिवस मनाया





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मन्दिर में रविवार को कुण्डलपुर वाले बड़े बाबा भगवान आदिनाथ की भव्य मनमोहक प्रतिकृति युक्त ध्यान केंद्र का पहला लोकार्पण दिवस भक्ति भाव से मनाया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया की आज से एक वर्ष पूर्व इस ध्यान केन्द्र का लोकार्पण गणिनी आर्यिका गौरव मति माताजी व गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी के परम आशीर्वाद से हुआ था ।केंद्र में प्रातः ध्यान योग किया गया तथा शाम को गायक साक्षी जैन के द्वारा 48 दीपक से मंगल दीप अर्चना करायी गई ।इससे पूर्व चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन योगेश जैन पाटनी तथा अनोप देवी अतिशय जैन द्वारा किया गया। भक्तामर महिमा वाचन के बाद 48 दीपक युक्त थाल से आदिनाथ भगवान की अनोप देवी बुद्धिप्रकाश जैन छाबड़ा परिवार द्वारा आरती की गई।






# सुशीला पाटनी की स्मृति में भक्ति संध्या आज



श्रीमती सुशीला पाटनी की चतुर्थ पुण्य तिथि पर उनकी स्मृति में एक भक्ति संध्या का आयोजन 12 जून को सायकाल 7.30 बजे से भट्टारक जी की नसिया स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में किया जायेगा।

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रसिद्ध समाज सेवी अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के मानद मंत्री महेंद्र कुमार पाटनी की धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती सुशीला पाटनी की चतुर्थ पुण्य तिथि पर उनकी स्मृति में एक भक्ति संध्या का आयोजन 12 जून को सायकाल 7.30 बजे से भट्टारक जी की नसिया स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में किया जायेगा। पाटनी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक श्रीमती कनक हाड़ा, अशोक गंगवाल, राजकुमार संघी, श्रीमती समता गोदिका, डॉक्टर गोरव जैन सोगानी, श्रीमती दीपशिखा, श्रीमती अर्चना पाटनी, श्रीमती स्वेता बाकलीवाल, वंदना जैन, अंकिता जैन दिलकश मधुर आवाज में अपनी प्रस्तुति से समाज के गणमान्य श्रोताओं को भक्ति रस का पान कराएंगे।

# आटे की रोटियों में रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ाने की क्षमता क्यों होती है?

**शाबाश इंडिया**

मधुमेह दुनिया भर में एक चुनौतीपूर्ण बीमारी बन गई है, हर जगह लोगों के लिए एक मुश्किल समस्या खड़ी हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 422 मिलियन से अधिक लोग मधुमेह से प्रभावित हैं। आश्चर्यजनक रूप से, मधुमेह हर साल लगभग 1.5 मिलियन लोगों की मृत्यु का कारण बनता है। भारत, विशेष रूप से, मधुमेह के गंभीर बोझ का सामना करता है। भारत में मधुमेह से पीड़ित लगभग 80 मिलियन लोगों के साथ, इसने ''दुनिया की मधुमेह राजधानी'' का दुर्भाग्यपूर्ण खिताब अर्जित किया है। चिंताजनक रूप से, 2045 तक, यह अनुमान लगाया गया है कि भारत में 135 मिलियन व्यक्तियों को मधुमेह होने का खतरा होगा। मधुमेह गुर्दे, यकृत, हृदय और आंखों से संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों को काफी बढ़ा देता है। हम अक्सर अपनी मधुमेह यात्रा के वास्तुकार होते हैं। अस्वास्थ्यकर आहार संबंधी आदतें मधुमेह के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जब हम प्राकृतिक विकल्पों के बजाय प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर बहुत अधिक भरोसा करते हैं, तो हमारा स्वास्थ्य प्रभावित होता है। इसके अलावा, एक गतिहीन जीवन शैली इस बीमारी की शुरूआत में योगदान करती है। अस्वास्थ्यकर आहार के साथ संयुक्त शारीरिक गतिविधि की कमी से मधुमेह का विकास हो जाता है। कुछ खाद्य पदार्थों का सेवन करने से रक्त शर्करा के स्तर में अचानक वृद्धि हो सकती है, जिससे स्थिति खराब हो सकती है।

## आइए नजर डालते हैं कुछ प्रकार की ब्रेड पर जो हमें नुकसान पहुंचा सकती हैं:


**सफेद गेहूं का आटा:** उत्तर भारत में, कई लोगों के लिए गेहूं का आटा एक प्रधान अन्न है। हालांकि, अधिकांश व्यावसायिक रूप से उपलब्ध आटा अत्यधिक संसाधित और परिष्कृत होता है, जिसके परिणामस्वरूप बहुत सफेद रंग दिखाई देता है। प्रसंस्करण के दौरान गेहूं की भूसी को हटाने से फाइबर की मात्रा समाप्त हो जाती है। चोकर के साथ शुद्ध गेहूं का ग्लाइसेमिक इंडेक्स लगभग 30 होता है। हालांकि, चोकर को हटाने के बाद, ग्लाइसेमिक इंडेक्स 70 तक आसमान छू जाता है। ग्लाइसेमिक इंडेक्स में यह महत्वपूर्ण वृद्धि मधुमेह वाले व्यक्तियों के लिए हानिकारक हो सकती है। इसलिए मधुमेह के रोगियों को सलाह दी जाती है कि वे बाजार से खरीदे हुए अधिक मात्रा में सफेद आटे के सेवन से बचें। इसके बजाय, उन्हें स्वयं गेहूँ पीसकर घर का बना गेहूँ का आटा चुनना चाहिए।



**डॉ पीयूष त्रिवेदी**
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर। 9828011871

**मक्के की रोटी:** मक्का (मकई) प्रोटीन से भरपूर होता है और बिना मधुमेह वाले स्वस्थ व्यक्तियों के लिए अत्यधिक फायदेमंद होता है। हालांकि डायबिटीज वाले लोगों को मक्के की रोटी का सेवन करने से बचना चाहिए। हेल्थलाइन की रिपोर्ट है कि मक्के की रोटी में कार्बोहाईड्रेट की मात्रा अधिक होती है, जिससे रक्त शर्करा के स्तर में अचानक वृद्धि होती है।

**सफेद चावल का आटा:** मधुमेह रोगियों के लिए भी चावल का आटा हानिकारक होता है। डॉक्टर आमतौर पर मधुमेह के रोगियों को अधिक मात्रा में चावल का सेवन न करने की सलाह देते हैं। चावल में कार्बोहाईड्रेट की महत्वपूर्ण मात्रा होती है और इसमें उच्च ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है। इसके अतिरिक्त, मधुमेह के रोगियों को चावल से बने पेस्ट्री के आटे से भी बचना चाहिए।



मधुमेह वाले व्यक्तियों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे अपने आहार विकल्पों के प्रति सचेत रहें और स्वस्थ विकल्पों का चयन करें। हमारे द्वारा उपभोग किए जाने वाले खाद्य पदार्थों के बारे में सूचित निर्णय लेने से, हम मधुमेह को बेहतर ढंग से प्रबंधित और नियंत्रित कर सकते हैं। याद रखें, छोटे-छोटे बदलाव स्वस्थ बनाते है और अधिक संतुलित जीवनशैली जीने में बड़ा बदलाव लाते हैं।



# सांवला जी जैन मंदिर आमेर में जिन प्रतिमाओ का परिमार्जन किया

**प्रातः 6.30 बजे से अभिषेक शांतिधारा की श्री आदिनाथ मित्र मंडल सांगानेर व दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा की गई कार-सेवा**





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री आदिनाथ मित्र मंडल सांगानेर व दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा रविवार, 11 जून को प्रातः 6.30 बजे से श्री दिगंबर जैन मंदिर सांवला जी आमेर में प्रतिमाओ का अभिषेक, शांतिधारा तथा उसके पश्चात सभी प्रतिमाओं जंतर जी आदि का परिमार्जन किया गया। मित्र मंडल अध्यक्ष सुनील जैन व मंत्री राजेंद्र बाकलीवाल ने बताया कि सर्वप्रथम 6.30 बजे मंदिर जी में अभिषेक, शांतिधारा की गई। सन्मति ग्रुप के अध्यक्ष राकेश गोदिका ने बताया कि प्रातः 7.00 बजे से सांवला जी जैन मंदिर में विराजित सभी जिन प्रतिमाओं व जंतर जी का परिमार्जन किया गया। मंडल कोषाध्यक्ष मुकेश जैन व सन्मति कार्यकारिणी सदस्य अशोक सेठी के अनुसार परिमार्जन के पश्चात आरती की तथा उसके पश्चात प्रातः 10 बजे अल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के मानद मंत्री महेंद्र कुमार पाटनी, अन्य मंदिरान कमेटी के सदस्य योगेश टोड़राका, प्रदीप ठोलिया, के साथ साथ साकेत जैन, अनिल जैन , पन्नालाल चांदवाड़, कमल पाटनी, अशोक सेठी, राकेश गोदिका, सुनील जैन, राजेंद्र बाकलीवाल, मुकेश जैन आदि ने भी उपस्थित होकर प्रतिमाओं का परिमार्जन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। मंदिर समिति के सदस्य योगेश टोडरका ने सभी को भविष्य में वहां बनने वाले म्यूजियम के बारे में बताया योजना की सभी ने बहुत प्रशंसा की तथा मंदिर जी में रखे हुए पुराने रथ को देखकर अच्छा लगा।



